## जेईई में यशवंत पब्लिक स्कूल को शानदार सफलता



**महू.** इस वर्ष यशवंत पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई परीक्षा में अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय रेंक प्राप्त की. बच्चों की कड़ी मेहनत शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराया. विद्यालय के छात्र लक्ष्य कौशल 99.90, आदित्य गुप्ता 98.13 और अर्पित मकवाना ने 96.75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए. लक्ष्य कौशल ने कहा कि जेईई की तैयारी इतनी आसान नहीं थी, लेकिन मेरे स्कूल में मुझे हमेशा आगे बढ़ने की हिम्मत दी. मेरे शिक्षकों ने मेरी कमजोरियों को मेरी ताकत बनाने में मदद की. उनके सहयोग से ही मुझे ये उपलब्धि हासिल हुई. विद्यालय परिवार और प्रिंसिपल ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की हैं.

## बोहरा धर्मगुरु के प्रतिनिधि मानपुर पधारे, समाजजनों ने की अगवानी

**महू.** विश्व दाऊदी बोहरा समाज के धर्मगुरु सैय्यदना आली कदर मुफद्दल सैफुद्दीन के प्रतिनिधि अल जामिया मरोल मुम्बई से मुल्ला इदरीस लाहिया का मानपुर आगमन हुआ. बुरहानी हाल में समाज व जमात के सेकेट्री मोइज अली आरिफ के नेतृत्व में समाज के वरिष्ठ जोएब बुरहानी, मुदर खुर्दी वाला, कौसर देपालपुर वाला, कुतबुद्दीन सैफी, होजेफ़ा टीनवाला, मुरतुजा खेड़ीवाला ने मुल्ला इदरीस लाहिरी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया. इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन यूनुसअली हैदरी, अब्बास सैफी, केजार आरिफ, हुसैन काका खुर्दीवाला, सादिक टीनवाला, हुसैन भाई देपालपुरवाला, बुरहानी मानपुरवाला, मुरतुजा जमाली, मुस्तुफा इज्जी, हकीमुद्दीन सैफी, मुफद्दल शू मर्चेंट, मुरतुजा हैदरी, इस्माइल सैफी आदि बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे.

# जनगणना-2027 के लिए दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से शुरू

**आलीराजपुर । जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी जनगणना के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के कार्य को अद्यतन एवं व्यवस्थित रूप से संपादित करना है।**

प्रशिक्षण में भोपाल से आए मास्टर ट्रेनर्स सिद्धार्थ गोयल एवं श्री कुलदीप चावड़ा ने उपस्थित अधिकारियों को जनगणना कार्यों की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने डिजिटल माध्यम से डेटा संकलन, मोबाइल एप के उपयोग तथा विभिन्न वेब पोर्टलों के संचालन की विस्तृत जानकारी दी।

वेब पोर्टलों से होगा प्रबंधन एवं निगरानी-मकान सूचीकरण ब्लॉक का सृजन 'ब्लॉक क्रिएटर वेब पोर्टल' के माध्यम से किया जाएगा, जबकि जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली वेब पोर्टल के जरिए संपूर्ण कार्य की मॉनिटरिंग की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को संभावित समस्याओं एवं उनके समाधान से भी अवगत कराया गया तथा प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नीतू माथुर के मार्गदर्शन में जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जनगणना लिपिक, चार्ज अधिकारी एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना के कार्य को गंभीरता से लेकर सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए पूर्ण करना है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संघमित्रा गौतम, संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र बघेल, मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तपीश पांडे, सुश्री निधि मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमे, सुश्री दीपिका पाटीदार, जिला योजना अधिकारी तारिणी जौहरी सहित जनगणना कार्य हेतु नियुक्त अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



### प्रथम चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक-

जानकारी के अनुसार जिले में जनगणना कार्य दो चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण 1 मई से 30 मई 2026 के मध्य आयोजित किया जाएगा, जिसमें मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। द्वितीय चरण फरवरी 2027 में संपन्न होना प्रस्तावित है इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जो भारत की पहली डिजिटल जनगणना होगी। आंकड़ों का संकलन मोबाइल एप के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही नागरिकों को स्वयं अपना डेटा भरने की सुविधा देने के लिए 'स्व-गणना वेब पोर्टल' विकसित किया जा रहा है।



## करोड़ों की धोखाधड़ी का आरोपी कुख्यात भूमाफिया लंबू धराया

- सैकड़ों गरीबों की जीवन भर की गाढ़ी कमाई डकारकर हो गया था फरार

**इंदौर. चंदन नगर पुलिस ने क्षेत्र के सक्रिय और कुख्यात भूमाफिया फारूख उर्फ लंबू को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है. आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और भोले-भाले गरीब लोगों को प्लॉट का लालच देकर उनकी जीवनभर की कमाई हड़प रहा था. पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के पीड़ितों में न्याय की उम्मीद जगी है.**

चंदन नगर टीआई तिलक करोले के अनुसार, 13 जनवरी को मुदस्सर नागौरी की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी मो. फारूख उर्फ लंबू निवासी चंदू वाला रोड फरार था. मंगलवार को पुलिस ने सटीक सूचना के आधार पर घेराबंदी कर उसे दबोच लिया. जैसे ही भूमाफिया की गिरफ्तारी की खबर फैली, पीड़िता साईना बी सहित कई अन्य लोग शिकायत लेकर थाने पहुंच गए. साईना बी की रिपोर्ट पर पुलिस ने एक और नया मामला दर्ज किया है.

करोड़ों का घोटाला और महंगे शौक-जांच में सामने आया है कि फारूख ने सैकड़ों पीड़ितों के साथ भूखंड के नाम पर करोड़ों रुपए की जालसाजी की है. पीड़ितों की जमापूंजी से वह अपने महंगे शौक पूरे कर रहा था. पुलिस पूछताछ में कई अन्य पीड़ितों के मामले भी उजागर हुए हैं, जो अब धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं.

## परीक्षाओं के बीच आधी रात को डीजे बजाना पड़ा भारी

- आजाद नगर पुलिस ने आइशर वाहन किया जप्त

**इंदौर. बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनज़र छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में खलल डालने वाले और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध इंदौर पुलिस ने अब सख्ती शुरू कर दी है. इसी कड़ी में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात आजाद नगर पुलिस ने तेज आवाज में डीजे बजाने वाले एक आईसर वाहन को घेराबंदी कर जप्त किया है.**

जिला दंडाधिकारी शिवम वर्मा और पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के स्पष्ट निर्देश हैं कि परीक्षाओं के दौरान देर रात तक या निर्धारित सीमा से अधिक आवाज में साउंड सिस्टम का उपयोग नहीं होना चाहिए. इन्हीं निर्देशों के पालन में एसीपी रविन्द्र बिलवाल के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी लोकेश सिंह भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी. पुलिस टीम जब रात्रि करीब 12 बजे क्षेत्र भ्रमण कर रही थी, तभी सांवरिया धाम मंदिर के पास एक आइशर वाहन क्रमांक एमपी 13 जेडके 1386 पर लगा भारी-भरकम डीजे कानफोड़ू आवाज़ में बजता हुआ मिला. वाहन चालक नितिन तिवारी द्वारा नियमों का उल्लंघन कर शोर मचाया जा रहा था, जिससे आसपास रहने वाले छात्रों और आमजन को काफी असुविधा हो रही थी.




वाहन जप्त, ड्राइवर पर केस दर्ज-आजाद नगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डीजे युक्त आईसर वाहन को जप्त कर लिया है. पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223(ए) और मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 15 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है.

## 75 हजार रुपए की नकली 'फेवीक्विक' की बड़ी खेप जब्त

- 15 हजार पाउच के साथ एक आरोपी गिरफ्तार
- दिल्ली से होती थी सप्लाई

**इंदौर. एरोड्रम पुलिस ने ब्रांडेड कंपनी के नाम पर बिक रहे नकली उत्पादों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 15 हजार पाउच नकली फेवीक्विक जब्त की है. जब्त माल की बाजार कीमत लगभग 75 हजार रुपये आंकी गई है. इस मामले में एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया है.**

पुलिस के मुताबिक यह कार्रवाई अधिकारियों की शिकायत पर की गई. कंपनी ने पुलिस को बताया था कि इंदौर में उनके लोकप्रिय उत्पाद के नाम पर नकली माल तैयार कर खुलेआम बेचा जा रहा है. सूचना के आधार पर मंगलवार को सुखदेव विहार मेन रोड पर घेराबंदी कर एक नीले रंग की एक्टिवा को रोका. तलाशी लेने पर पीछे बंधे कार्टन से भारी मात्रा में नकली फेवीक्विक बरामद हुआ.

### इस गोरखधंधे में इस्तेमाल एक्टिवा भी जब्त

पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह यह नकली माल दिल्ली से मंगवाता था और इंदौर में दुकानों पर ऑर्डर मिलने पर सप्लाई करता था. पुलिस ने 15 हजार पाउच के साथ वारदात में इस्तेमाल एक्टिवा भी जब्त कर ली है. एरोड्रम थाना प्रभारी वरुण सिहं भाटी का कहना है कि पुलिस ने कॉपीराइट एक्ट समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है. अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शहर में किन-किन दुकानों तक यह नकली माल पहुंचाया हैं.

## दादूजी महाराज संस्थान पेटलावद ने अमावस्या पर किया अन्नदान वितरण

**पेटलावद। गरीबों ,असहायों ओर निसहाय लोगो की सेवा का संकल्प लेकर देश के सुप्रसिद्ध डॉ दादूजी महाराज संस्थान के द्वारा निरन्तर जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है ।**

इसी क्रम मे गुरुदेव डॉ दादूजी महाराज के नेतृत्व ओर मार्गदर्शन में स्थानीय गुरुभक्तों के द्वारा डॉ दादूजी महाराज संस्थान पेटलावद के बैनर तले प्रत्येक अमावस्या पर अन्नदान का आयोजन किया जा रहा हे, ।

इसी क्रम में 17 फरवरी मंगलवार अमावस्या को स्थानीय ग्राम बरडिया में ग्रामीणों ओर बच्चों के बीच सन्स्थान के सदस्यों द्वारा मीठी लाफसी प्रसादी का वीतरण किया गयस। आयोजन के शुभारंभ में सर्वप्रथम स्थानीय मन्दिर पर संस्थान के सदस्यों श्री अशोक वर्मा,, सुभाषचंद्र वर्मा, मनोज पुरोहित, हरीश राठौर, गोकुल पवार,खुशाल हिहोर ,दीपक राठौर, पीयूष राठौड़, ,हरिओम राठौर,मनोज सोलंकी,अर्जुन ठाकुर ,सुमन सोलंकी सीता राठोर आदि ने पूजन पाठ कर प्रसादी वितरण किया ।भेरूसिंह मेडा, महेशचंद (पिंटू) भटेवरा, रुद्र वर्मा,प्रणय वर्मा,अमन वर्मा , सुमन जी सोलंकी का विशेष सहयोग रहा एवम इसके अतिरिक्त अपने पिता स्व श्री लक्ष्मण जी राठौर कि स्मृति में पुण्यतिथि के अवसर पर हरीश राठौर ,पीयूष राठौर, नारायन राठौर, एवम राठोर परिवार का भी अन्नदान में विशेष सहयोग रहा।



### बच्चा चोरी की अफवाह फैलाने वालों की अब खैर नहीं

इंदौर. शहर में पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर बच्चा चोरी गैंग के सक्रिय होने की भ्रामक खबरें फैला रहे हैं और वीडियो वायरल कर रहे हैं. इंदौर पुलिस ने साफ कर दिया है कि ये सभी खबरें पूरी तरह झूठी और आधारहीन हैं. पुलिस कमिश्नर ने सख्त निर्देश जारी किए हैं कि जो भी व्यक्ति ऐसी अफवाहें फैलाएगा, उसके विरुद्ध न केवल कानूनी कार्रवाई होगी, बल्कि उसका सोशल मीडिया अकाउंट भी हमेशा के लिए बंद कर दिया जाएगा. इंदौर पुलिस के आधिकारिक बयान के अनुसार, शहर में बच्चा चोरी की कोई भी घटना प्रकाश में नहीं आई है और न ही ऐसी किसी गैंग की सक्रियता के सबूत मिले हैं. कुछ शरारती तत्व पुरानी घटनाओं के वीडियो या अन्य शहरों की कटी-फटी क्लिपिंग्स का उपयोग कर दहशत का माहौल पैदा कर रहे हैं. पुलिस कमिश्नर द्वारा पूर्व में ही भ्रामक समाचारों के प्रसार को रोकने के लिए धारा 163 बीएनएस के तहत आदेश जारी किए जा चुके हैं.

## आलीराजपुर में जिला अस्पताल परिसर में कैंटीन की मांग

- मरीजों के परिजनों को भोजन के लिए सड़क पार करना पड़ता है, दुर्घटना का खतरा

**आलीराजपुर। जिला मुख्यालय स्थित सिविल अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा के लिए अस्पताल परिसर में सस्ती एवं सुलभ कैंटीन स्थापित करने की मांग उठाई गई है। इस संबंध में जागरूक नागरिक मंच के अध्यक्ष विक्रम सेन द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ष्टरूा।ह्र) एवं सिविल सर्जन को आवेदन सौंपकर शीघ्र व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया है।**

आवेदन में बताया गया है कि जिला चिकित्सालय में लगभग 150 से ज्यादा मरीज भर्ती होते है तथा जच्चा-बच्चा वार्ड अलग संचालित है। प्रतिदिन करीब 500 से अधिक मरीज ओपीडी में उपचार के लिए आते हैं। अस्पताल द्वारा भर्ती मरीजों को शाम के समय भोजन उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन मरीजों के साथ आए परिजनों के लिए भोजन या अल्पाहार की कोई व्यवस्था नहीं है। बताया गया कि देर शाम या रात में भर्ती होने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को चाय, दूध, बिस्किट, फल या भोजन के लिए अस्पताल परिसर से बाहर जाना पड़ता है। अस्पताल के सामने अंतरराज्यीय मार्ग होने के कारण यहां भारी वाहनों का लगातार आवागमन रहता है, जिससे विशेषकर वृद्ध, महिलाओं, गर्भवती मरीजों एवं बच्चों के लिए सड़क पार करना जोखिमभरा साबित होता है। कई बार आवश्यक सामग्री उपलब्ध न होने से परिजनों को भूखे रहने की स्थिति भी बन जाती है। जागरूक नागरिक मंच ने सुझाव दिया है कि अस्पताल परिसर में गार्डन क्षेत्र के पास ओपीडी पंजीयन केंद्र के पीछे उपलब्ध स्थान को अस्थायी या किराए पर देकर नियंत्रित दरों पर कैंटीन संचालित की जा सकती है। इस कैंटीन में सादा भोजन, चाय, दूध, बिस्किट, ब्रेड, फल, जूस एवं स्वच्छ पेयजल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं।

दीनदयाल रसोई योजना को भी इस परिसर में प्रारंभ किया जा सकता हैं। आवेदन में कहा गया है कि यह व्यवस्था मरीजों एवं उनके परिजनों को राहत देने के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करेगी और गरीब एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगी। इस संबंध में शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई है। आवेदन की प्रतिलिपि कलेक्टर एवं नगर पालिका अधिकारी को भी भेजी गई है।

**एक नजर में** — मंत्री एवं सांसद की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले में कई सड़क एवं पुल निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की

# मंत्री एवं सांसद के प्रयासों से मिले 75 करोड़ 53 लाख के रोड - ब्रिज

**आलीराजपुर। कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद अनिता चौहान के सतत प्रयासों से अलीराजपुर जिले को विकास की राह में एक ओर महत्वपूर्ण सौगात मिली है। मंत्री एवं सांसद की मांग पर मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव ने जिले में कई सड़क एवं पुल निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है। इन कार्यों से ग्रामीण अंचलों में आधारभूत ढांचा मजबूत होगा और गांवों के विकास को नई गति मिलेगी।**

सड़क निर्माण कार्य : विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि स्थानीय ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासियों की मांगों एवं आवश्यकताओं के देखते हुए कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह जी चौहान एवं सांसद श्रीमती अनिता जी चौहान द्वारा पत्रों के माध्यम से इन मांगों से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी को अवगत करवाते हुए इन कार्यों की महत्ता बताई थी। जिसके चलते मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने लोक निर्माण विभाग के मंत्री श्री राकेश सिंह के माध्यम से 64 करोड़ 64 लाख की 5 सड़को को एवं 10 करोड़ 89 लाख लागत का एक ब्रिज स्वीकृत किया है।

इन विकास कार्यों से ग्राम क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन देखने को मिलेगाए गांवों का जिला मुख्यालय एवं प्रमुख बाजारों से सीधा संपर्कए किसानों की कृषि उपज के परिवहन में सुविधाए जिससे किसानों की आय में वृद्धिए विद्यार्थियों को स्कूल, कॉलेज तक सुरक्षित पहुंचए स्वास्थ्य सेवाओं एवं आपातकालीन सुविधाओं की आसान उपलब्धताए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों में वृद्धि होने से ग्राम आत्मनिर्भरता बनेगा एवं ग्राम के समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा।





### सड़कों का निर्माण किया जाएगा

रॉक्सा से कवठु खण्डाला मार्ग दृ 12 किमी दृ ?25 करोड़ /वालपुरदृकुकलटदृछोटी हथवीदृउन्हालादृबोडगांव मार्ग दृ 16 किमी दृ ?35 करोड़ / अलीराजपुर मथवाड का छुटा मार्ग ;बखतबडद्ध दृ 0ण्32 किमी दृ ?1 करोड़ 80 हजार / आलीराजपुरदृसोरवा मार्ग से चिचलगुडा पहुँच मार्ग ;रेलवे ओवर ब्रिज के कारण छूटा भागद्ध दृ 0ण्90 किमी दृ ?1 करोड़ / इंदरसिंह की चौकी पहुँच मार्ग दृ 2ण्6 किमी दृ ?2 करोड़ 56 लाख पुल निर्माण कार्य : फूलमाल से फलिया मंदिर मार्ग में आने वाले हिरण नदी पर पुल निर्माण दृ 10 करोड़ 89 लाख जिसके बनने से बरसात के दौरान आवागमन में आने वाली कठिनाइयों का स्थायी समाधान होगा। ग्रामीणों को सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही की सुविधा मिलेगी। केबिनेट मंत्री नागरसिंह जी चौहान एवं सांसद अनिता चौहान के प्रयासों से मिली इस सौगात को क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद अलीराजपुर जिला विकास की नई दिशा में अग्रसर होगा और ग्रामीण जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आएगा। इन सौगातों की घोषणा होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में काफी हर्ष है। ग्राम खट्टाली में ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी करते हुए आलीराजपुर खंडाला 12 किमी मार्ग को डबल पट्टी मार्ग बनाने जाने के लिए 25 करोड़ रुपए स्वीकृत होने पर मंत्री एवं सांसद का आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।